हारा मैं जो प्रभु | By Shyam Salona

हारा मैं जो प्रभु मुझे तेरी याद आ गई
कितनी मुसीबते मेरे सिर पे है छा गई
हारा मैं जो प्रभु ....

जग की है खाई ठोकरें भटका यहाँ वहां
ढूँढू तुझे मैं दर बदर तू छुप गया कहाँ
दिल में छुपी थी बात जो होंठो पे आ गई
हारा मैं जो प्रभु ....

हालात ने मुझे मेरे मजबूर कर दिया
अपनों ने भी निगाहों से मुझे दूर कर दिया
लगता है सारी आफतें मेरे पास आ गई
हारा मैं जो प्रभु ....

खुशियों की चाह में प्रभु बड़े रंज हैं सहे
घुट घुट के इस तरह भला कब तक कोई रहे
कोशिश तमाम माधव की क्यों मात खा गई
हारा मैं जो प्रभु ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%9c%e0%a5%8b-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-by-shyam-salona/